	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर (जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)	150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
क्रमांकः– एफ.29 ( )अधि,अभि,प्रो/ननिज है/2022–23/	दिनांकः–	

हेरिटेज निगम निशुल्क बांटेगा आमजन को पौधे

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज बुधवार से आमजन को निशुल्क पौधे वितरित करेगा। इस संबंध में हेरिटेज नगर निगम की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हेरिटेज निगम उपायुक्त सरोज ढाका ने बताया कि इस बार निगम की ओर से कुल छह लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। जिनमें शुरूआत में एक लाख पौधे आमजन को वितरित किए जाएंगे। जिनमें बुधवार से हेरिटेज निगम मुख्यालय, पौण्ड्रिक पार्क ब्रह्मपुरी में, अहिंसा पार्क श्याम नगर, स्वेज फार्म स्थित महिमा पार्क, गड्ढा पार्क श्याम नगर, आदर्श नगर में भगत सिंह पार्क और शास्त्री नगर में कैलाश पार्क में आमजन के लिए पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। आमजन को अपना आधार कार्ड दिखाने पर छायादार और फलदार पौधे दिए जाएंगे।